ई-समाचार पत्र

संस्करण-2, अंक-13

सहारनपुर नगर निगम

माह-जून, 2016

मासिक अवलोकन

प्रकाशक
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

सम्पादकीय मण्डल
सच्चिदानंद सिंह
प्रदीप कुमार मित्तल
प्रमोद कुमार गुप्ता
राजीव कुमार चौधरी
डा० ए० के० त्रिपाठी
डी० एम० कटियार
संजय भटनागर
कुलदीप कुमार

इस संस्करण में-

नगर आयुक्त की कलम से	1
जनसहभागिता हेतु कैम्प	1
एम.ओ.यू हस्ताक्षर	2
पथ प्रकाश विभाग का निरिक्षण	2
अमृत की वर्षगांठ	3
सौर उर्जा सयंत्र	3
हैण्ड हेल्ड मशीन	3
संगठनों से चर्चा	4
कलेक्ट्रेट में बैठक	4
त्रि दिवसीय प्रशिक्षण	5
शिकायत, जनसूचना तथा अन्य	5

विशेष :-

- **जन सहभागिता हेतु कैम्पों का आयोजन**
- **स्मार्ट सिटी पर जन सभायें तथा चर्चा**
- **आपसी सामंजस्य तथा सहयोग हेतु एम.ओ.यू. हस्ताक्षर**
- **हैण्ड हेल्ड मशीनों का प्रयोग**
- **सौर उर्जा सयंत्र की स्थापना**
- **संगठनों से चर्चा**
- **त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण**

नगर आयुक्त की कलम से..........

डा० नीरज शुक्ला
नगर आयुक्त

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर निगम ने रमजान माह पर पथ प्रकाश, जल आपूर्ति व साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की है, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

जैसा की आप सभी जानते हैं की स्मार्ट सिटी मिशन चरण-2 अंतर्गत सहारनपुर के प्रस्ताव को संशोधित करने का कार्य किया जा रहा है, जिसके क्रम में नागरिकों की जनसहभागित सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 01.06.16 से 25.06.16 तक नगर के प्रमुख स्थानों पर विभिन्न चरणों में जन-सहभागिता कैम्प लगाये जा रहें है, जिसमें प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से साय: 06:00 बजे तक नगर निगम की विशेष टीम नागरिकों से ऑन लाइन सुझाव तथा वोट लेने का कार्य करेंगे। सहारनपुर नगर के आप सभी सम्मानित नागरिकों से मेरा अनुरोध है की स्मार्ट सिटी के प्रथम चरण की भांति ही इस दूसरे चरण में भी आप स्मार्ट सिटी हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव तथा विचार नगर निगम को उपलब्ध करायेंगे। स्मार्ट सिटी के प्रथम चरण में हमें 101316 सुझाव ऑन लाइन प्राप्त हुए थे।

संशोधित प्रस्ताव की प्रमुख विशेषतायें-

1-काष्ट व हस्त शिल्प हाट की स्थापना, 2-पुराने संकरे बाजारों की रेट्रोफिटिंग, 3-व्यवस्थित फुटपाथ एवं अंडरपास का निर्माण, 4-एलईडी आधारित पथप्रकाश व्यवस्था, 5-सौर उर्जा तथा भूजल संरक्षण, 6-फल, शाकभाजी तथा अनाज प्रोसेसिंग क्षेत्र स्थापना, 7-सुनिश्चित आवास की व्यवस्था, 8-स्ट्रीट वेंडर्स हेतु निश्चित स्थान, 9-सामाजिक, धार्मिक सहिष्णुता हेतु सिटी वाक, 10-शिक्षण हेतु आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था, 11-सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य सेवायें, 12-हरित क्षेत्रों तथा पार्कों का सौन्दर्यीकरण, 13-आपदा प्रबंधन तथा निदान व्यवस्था, 14-कचरा निष्पादन व्यवस्था, 15-ई-गवर्नेंस व सीसीटीवी सर्विलांस व्यवस्था।

नगर निगम सदैव अपने निवासियों को उच्चस्तरीय तथा आधुनिक सुविधायें देने प्रयासरत है, जिसमें आप सभी का सहयोग वांछनीय है।

उपरोक्त सभी संशोधनों अथवा अन्य पर आप अपने सुझाव, विचारों अथवा शिकायतें हमें नगर निगम की वेब साईट www.saharanpurnagarnigam.in, भारत सरकार की वेब साईट www.Mygov.in, दूरभाष, ई-मेल तथा फेसबुक पर उपलब्ध करा सकते हैं। आपके बहुमूल्य सुझाव/ विचार, जनसहभागिता अथवा वोट हमे स्मार्ट सिटी मिशन के दूसरे चरण में चयनित करा कर स्मार्ट सिटी निवासी बना सकता है ।

शुभकामनाओं सहित......

डा0 नीरज शुक्ला
नगर आयुक्त,
सहारनपुर नगर निगम

स्मार्ट सिटी मिशन में जनसहभागिता हेतु विभिन्न स्थानों पर कैम्पों का आयोजन-

स्मार्ट सिटी अभियान अंतर्गत एच.डी.एफ.सी. बैंक के सहयोग से आयोजित जनसहभागिता कैम्प का शुभारम्भ करते नगर आयुक्त डा. नीरज शुक्ला तथा बैंक के अधिकारी।

स्मार्ट सिटी अभियान चरण-2 अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों पर व्यापार मंडल, औधोगिक इकाइयों, बैंको व अन्य संगठनों के सहयोग से नगर निगम की ओर से नागरिकों की जन सहभागिता हेतु दिनांक 01-06-16 से 25-06-16 तक जनसहभागिता कैम्पों का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों से स्मार्ट सिटी के सम्बन्ध में उनके सुझाव तथा विचार ऑन लाईन प्राप्त किये गये। सुझाव प्राप्त करने हेतु दाल मंडी पुल, एस.बी.आई. कोर्ट रोड, जिला अस्पताल, आई.टी.सी., इन्डियन हर्ब्स, दिल्ली रोड औधोगिक क्षेत्र, रायवाला कपडा मार्केट, नुमाइश कैम्प, कचेहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, आवास, विकास, हकीकत नगर, घंटाघर चौक, मिशन कम्पाउंड, चर्च कम्पाउंड, जैन कालेज, अम्बाला रोड, ज्वेलरी/बर्तन बाजार, देहरादून रोड पर अस्थाई कैम्प तथा नगर निगम परिसर में एक स्थाई कैम्प लगा कर लोगों से स्मार्ट सिटी के सम्बन्ध में उनके विचार तथा सुझाव प्राप्त करने की व्यवस्था की गयी थी, जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर सुझाव उपलब्ध कराये।

विभिन्न संगठनों ने एम.ओ.यू. हस्ताक्षर कर दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन-

Sr	Organization	Authorised Signatory	Purpose
1.	Ansari Educational Society,	Mr. Anwar Ahmed, President	Establishing a new state of the art technical education
2	Educational and Welfare Society,	Mr. Al Shahbbir Ahmed Ansari	Establishing a new Medical institution for Health education
3	The Wood Craft Design & Development Society Saharanpur	Mr. Ramji Suneja, Chairman	Opportunities for smart city center
4	The Wood Craft Design & Development Society Saharanpur,	Mr. Ramji Suneja, Chairman	Providing Skill Development and orienta-tion facility.
5	Rotary Club, Saharanpur Greater,	Mr. Rtn. Ajay Sharma, Assistant Governor	Adopting schools for imparting Smart Education.
5	IIA Saharanpur,	Mr. R .K. Dhawan, Chairman,	Adopting structural retrofitting of the buildings to conform to the national building code of India.
6	Senior Citizens Welfare Society, Saharanpur,	Mr. Jasbir Singh Gambhir , General Secretary	City greening and undertaking Public Awareness.
7	Woodcarving Manufacturing & Trading Association Saharanpur,	Mr. Haider Rauf Siddiqui, Secretary,	Establishing, Running and Maintaining Woodcraft.
8	Medigram Hospital, Chunehti, Saharanpur,	Dr. Ajay Kumar Singh,	Setting up Super Specialties Healthcare Facilities.
9	Bio-medical Waste Solutions Saharanpur,	Mr. Priyesh Garg,	Managing Bio-medical waste.
10	Indian Medical Association Saharanpur,	Dr. Ajay Kumar Singh, President	Managing Bio-medical waste.
11	ICD Saharanpur,	Mr.R.K.Saxena, Asst.Engineer	Flood Control Measures
12	Udyog Vyapar Mandal Saharanpur,	Mr.Sheetal Tandon, Vice President,	Awareness Campaign
13	Samarpan Welfare Society Saharanpur	Mr.Amit Tyagi, Secretary	Solid Waste Management
14	Samarpan Welfare Society Saharanpur	Mr. Ashok kumar Gupta	Awareness Campaign
15	Alpsankhyak Vidhyalaya Sangthan Saharanpur	Mr. Kulbhushan kumar jain, President	Quality Education
16	Uttar Pradesh Pradhanacharya Parishad Saharanpur	Mr. Kulbhushan Kumar jain, President	Quality Education
17	Paondhoi Bachao Samiti Saharanpur	Dr. Promod Kumar Sharma, Joint secretary	Rejuvenation of Paondhoi and Dhamola
18	ITC Ltd, Saharanpur,	Mr. J.P. Nair, Branch Manager,	Solid waste collection and management
19	Satay Sai Infra Solutions Pvt Saharanpur,	Mr. Lakshya Singhal, Director	Skilled Education (Senior Secondary School)

नगर के विभिन्न संगठनों के साथ आपसी सहयोग हेतु एम. ओ. यू. हस्ताक्षर करते हुए नगर आयुक्त डा. नीरज शुक्ला।

स्मार्ट सिटी अभियान चरण-2 अंतर्गत पूर्व प्रस्ताव की कमियों के संशोधन के क्रम में पीपीपी माड्यूल का अनुसरण करने हेतु नगर निगम ने नगर के विभिन्न व्यापारिक, औधोगिक तथा सामाजिक संगठनों के साथ आपसी सहयोग हेतु एम.ओ.यू. हस्ताक्षर किये, जिसके अंतर्गत नगर निगम उक्त संस्थाओं को निगम में एकल खिड़की समाधान की सुविधा व अन्य सहयोग उपलब्ध करायेगा ।

पथ प्रकाश विभाग का निरिक्षण-

पथ प्रकाश विभाग में स्टाक का निरिक्षण करते अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह तथा अन्य।

दिनांक पर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह के साथ लेखा तथा पथप्रकाश विभाग के अधिकारीयों की एक संयुक्त समिति ने पथ प्रकाश विभाग का निरिक्षण कर आपूर्ति किये गये विधुत उपकरणों व स्टाक की जाँच कर सत्यापन किया। निरिक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह ने नगर में लगायी जा रही एल.ई.डी लाइटों की गुणवत्ता की भी जांच की। अपर नगर आयुक्त ने पूर्व में चयनित स्थानों पर एलईडी लाइटों को शीघ्र ही लगाने के निर्देश भी दिये। उक्त समिति नगर आयुक्त के निर्देशों के क्रम में नियमित रूप से पथ प्रकाश विभाग का निरिक्षण कर अपनी संस्तुतियों व टिप्पणी से नगर आयुक्त को अवगत भी कराती है।

नागरिकों से अनुरोध

- कूड़ा-करकट निर्धारित स्थानों पर ही डाले ।
- गृहकर- जलकर का ससमय भुगतान करें ।
- पालीथिन का प्रयोग न करें।
- धूम्रपान का प्रयोग न करें ।
- सार्वजनिक सम्पत्तियों को हानि न पहुंचायें।
- अतिक्रमण न करें ।
- प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ लगाए।
- नगर क्षेत्र को हरा-भरा बनायें।
- यातायात नियमों का पालन।
- अपने वाहनों से प्रदूषण नियंत्रित रखें।
- जल अमूल्य है, जल का प्रयोग सावधानी से करें

डा० ए० के० त्रिपाठी
नगर स्वास्थ्य अधिकारी
सहारनपुर नगर निगम

अमृत कार्यक्रम की प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन-

दिनांक 25-06-16 को सायं 04:00 बजे नगर निगम सभाकक्ष में अमृत कार्यक्रम की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह के साथ जनप्रतिनिधियों सहित एनी अधिकारीयों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर अमृत कार्यकम अंतर्गत नगर निकाय में जनसुविधाओं की स्थिति तथा किये गये रिफार्म्स के सम्बन्ध में भी विचार विमर्श किया गया।

अमृत कार्यक्रम की प्रथम वर्ष गांठ के अवसर पर नगर निगम सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह के साथ प्रतिभाग करते पूर्व सभासद व अन्य प्रतिनिधि

नगर निगम परिसर में सौर उर्जा संयंत्र लगाने का कार्य आरम्भ-

नगर निगम कार्यालय की छत पर लगाये जाने वाले सौर उर्जा संयंत्र हेतु स्थल का तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी।

नगर निगम ने वैकल्पिक उर्जा के प्रयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य करते हुए नगर निगम कार्यालय को पूर्ण रूप से सौर उर्जा आधारित करने का निर्णय लिया था, उक्त 20 KVA के सयंत्र की स्थापना कार्य हेतु 32 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। नगर निगम कार्यालय की छत पर दिनांक 24.06.16 को सौर सयंत्र लगाने का कार्य आरंभ करने से पूर्व अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद ने सौर सयंत्र लगाने वाली फर्म के सदस्यों, ए.ई (निर्माण) बिजेंद्र पाल तथा पथ प्रकाश विभाग के अन्य अधिकारीयों व कर्मचारियों के साथ स्थल का निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान फर्म के सदस्यों ने अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द सिंह को सौर उर्जा सयंत्र की स्थापित करने के पूर्व की तैयारियों, उसकी देखरेख तथा सयंत्र की आवश्यकता के विषय में विस्तार पूर्वक समझाया।

गृहकर वसूली हेतु जीपीएस आधारित हैण्ड हेल्ड मशीनों का प्रयोग-

गृहकर वसूली की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व जनसुलभ बनाने के साथ ई गवर्नेंस को बढ़ावा देने उददेश्य से नगर निगम ने जीपीएस आधारित हैण्ड हेल्ड मशीनों के प्रयोग करने का निश्चय किया है। प्रथम चरण में 30 हैण्डहेल्ड मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है, जो सम्बंधित जोंन के कर-संग्रहकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी जिसके लिए उक्त कर-संग्रहकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया जा चूका है। ये कर-संग्रहकर्ता मशीन प्राप्त करने के बाद अपने-अपने क्षेत्रों में मौके पर ही बिल तथा कर जमा करने पर पावती देने में भी सक्षम होंगे। ये हैण्ड हेल्ड मशीने जीपीएस आधारित होने के कारण तत्समय ही भुगतानकर्ता को भुगतान की गयी धनराशि तथा गृहकर की सम्बंधित जानकारी रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कर देंगे। साथ ही साथ उक्त मशीन ऑन लाईन ही भुगतान की सूचना को नगर निगम को भी उपलब्ध करायेगी। उक्त मशीनों के प्रयोग से नगर निगम की आय तथा गृहकर कवरेज़ बढ़ेगा।

नागरिकों के विचार

स्मार्ट सिटी अभियान के दूसरे चरण में प्रस्ताव में किये जा रहे संशोधन सराहनीय है, विशेषकर पी.पी.पी. माड्यूल पर कार्य करने हेतु प्रोत्साहन के क्रम में नगर के विभिन्न व्यापारिक, औधोगिक, चिकित्सा,शि क्षा व सामाजिक संगठनों तथा इकाईयों से आपसी सामंजस्य हेतु हस्ताक्षरित किये जा रहे एम.ओ.यू. नगर निगम के लिए एक दीर्घकालिक प्रभाव की उपलब्धि है। नगर निगम की ओर से वैकल्पिक उर्जा के प्रयोग को प्रोत्साहन देने की दिशा में किये जा रहे कार्य तथा प्रयास प्रसंशनीय हैं। इन दिनों ई-गवर्नेंस की दिशा में प्रगति हेतु नगर निगम प्रयासरत दिखाई देता है, एल.ई.डी. लाइटों का प्रयोग, गृहकर वसूली हेतु हैण्डहेल्ड मशीनों का प्रयोग कंप्यूटरीकृत बिलिंग, ऑन लाईन शिकायत दर्ज करने की सुविधा, नगर निगम की वेब साईट, जीपीएस आधारित वाहन निगरानी व्यवस्था, बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था नगर निगम की उपलब्धियों को दर्शाता है, आइये हम सब मिल कर नगर निगम का सहयोग करें और साफ, स्वच्छ, सुन्दर व स्मार्ट सहारनपुर का निर्माण करें।

रवि शर्मा

स्मार्ट सिटी मिशन पर विस्तृत चर्चा हेत संगठनों ने दिया आमन्त्रण-

स्मार्ट सिटी अभियान चरण-2 अंतर्गत सहारनपुर के प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा तथा उधोग, व्यवसाय एवं व्यापर पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में समझने व् अपने शंकाओं के समाधान हेतु नगर के व्यापारी संगठनों ने विशेष बैठकों का आयोजन कर उक्त चर्चा हेतु नगर आयुक्त डा. नीरज शुक्ला को आमंत्रित किया। जिसमें नगर आयुक्त स्मार्ट सिटी प्रस्ताव बनाने हेतु अधिकृत टीम के मुख्य सलाहकार के. सुरजीत सिंह व टीम के अन्य सदस्यों के साथ सम्मलित हुए। जहाँ नगर आयुक्त डा. नीरज शुक्ला के साथ मुख्य सलाहकार के. सुरजीत सिंह ने बैठक में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों की शंकाओं तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्मार्ट सिटी हेतु अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

स्मार्ट सिटी प्रस्ताव के बारे में विस्तृत चर्चा हेतु इण्डियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन तथा सहारनपुर इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन की ओर से आयोजित विशेष बैठक में प्रतिभागियों को स्मार्ट सिटी प्रस्ताव की विशेषताओं पर चर्चा करते नगर आयुक्त डा. नीरज शुक्ला तथा संगठन के पदाधिकारी।

नागरिकों के विचार

नगर निगम में स्मार्ट सिटी को लेकर बहुत ही रोचकता देखी गयी। साथ ही सभी नगरवासियों ने इस योजना में बढ़-चढ़कर भाग लिया है। स्मार्ट सिटी अभियान में नगर निगम अधिकारियों को जन प्रति-निधियो से सहयोग मिला। नगर निगम ने जगह-जगह कैम्प लगा कर स्मार्ट सिटी हेतु नागरिकों के सुझाव लिए, जो एक सराहनीय प्रयास है। अधिकारियों ने सभी सहभागी वर्गो से स्मार्ट सिटी को लेकर चर्चा की जिससे सभी लोगो में स्मार्ट सिटी को लेकर उत्सुकता देखी गयी। नगर निगम की ओर से निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर में गंदगी फैलाने से रोकने हेतु जगह-जगह होर्डिंग भी लगाये गये। जिससे कि लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा सके। स्मार्ट सिटी को लेकर सभी विभागो में एक जुटता भी दिखाई देती है। स्मार्ट सिटी अभियान नागरिको के बीच एक ज्वलन्त विषय बन गया है। उक्त विषय पर नगर आयुक्त डा0 नीरज शुक्ला के विशेष रूचि लेने से इस कार्य को और अधिक बल मिल रहा है।

सचिन चौधरी

रमजान के अवसर पर नगर निगम की विशेष तैयारी-

हर वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी नगर निगम सहारनपुर ने रमजान के पवित्र माह में नगर निवासियों को विशेष जनसुविधायें उपलब्ध करने हेतु प्रयास किया हैं। मस्जिदों के आस पास तथा उनको जोड़ने वाले मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर चूने का छिडकाव कराया गया। सफाई कर्मचारियों की एक विशेष टीम बनाकर प्राथमिकता के आधार पर ईदगाह के पास नाले में जमा सिल्ट की सफाई की सफाई कर नाले से निकली गयी सिल्ट को तत्काल जेसीबी तथा ट्रक की सहायता से निस्तारित कराया गया। इस अवसर पर नगर निगम के पथ प्रकाश विभाग ने टीम बना कर क्षेत्र के सभी प्रकाश बिन्दुओं की जाँच कर ख़राब बिन्दुओं को ठीक कर प्रकाशित किया, जिससे रात्रि मे नागरिकों को समस्या न हों ।

रमजान के अवसर पर ईदगाह के आस-पास चलाया गये विशेष सफाई अभियान में कार्य करते नगर निगम के सफाई कर्मचारी ।

स्मार्ट सिटी प्रस्ताव पर कलेक्ट्रेट सभागार में चर्चा का आयोजन-

स्मार्ट सिटी अभियान चरण-2 अंतर्गत सहारनपुर के संशोधित प्रस्ताव को फ़ाइनल करने से पूर्व कलेक्ट्रट सभागार दिनांक 01-06-16 को सायं 04:00 बजे में उच्चाधिकारियों की एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर आयुक्त डा. नीरज शुक्ला, सलाहकार व शासन की ओर से सहारनपुर स्मार्ट सिटी प्रस्ताव बनाने हेतु नामित टीम के मुख्य सलाहकार के सुरजीत सिंह ने मंडलायुक्त/जिलाधिकारी पवन कुमार व अन्य संबधित विभागीय अधिकारीयों के समक्ष संशोधित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में निर्माण, स्वस्थ्य, प्रशासन, यातायात, विधुत तथा अन्य विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। प्रस्तुतीकरण के उपरान्त उपस्थित सभी अधिकारीयों ने स्मार्ट सिटी अंतर्गत बनाये गये प्रस्ताव की प्रसंशा करते हुए अपनी सहमति व्यक्त की। मंडलायुक्त/जिलाधिकारी पवन कुमार ने शिक्षा के महत्त्व को प्रस्ताव में विशेष स्थान देने का सुझाव देते हुए प्रस्ताव की प्रसंशा करते हुए अपना समर्थन दिया। बैठक के उपरांत मंडलायुक्त/जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रट परिसर में लगाये गये जनसहभागिता कैम्प को भी देखा।

स्मार्ट सिटी अभियान चरण-2 अंतर्गत सहारनपुर के संशोधित प्रस्ताव को मंडलायुक्त / जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते नगर आयुक्त डा. नीरज शुक्ला।

अमृत योजना अंतर्गत त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन-

अमृत योजना में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 08-06-2016 से 10-06-2016 तक “Orientation Training Program on Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation” विषय पर एक त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम “क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र, लखनऊ के लखनऊ विश्वविधालय स्थित सभागार कक्ष में प्रात: 10:00 बजे से आरंभ किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने अमृत योजना के अंतर्गत प्रस्तावित किया है। सहारनपुर नगर निगम की ओर से उक्त प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु निर्माण विभाग के सहायक अभियंता (निर्माण) बिजेंद्र पाल को नामित किया गया, जिन्होंने उक्त त्रि-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया।

अमृत
Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation

ADDSHI



शिकायत, जनसूचना तथा अन्य-

<u>शिकायत/ समस्या निस्तारण हेतु दूरभाष संख्या</u> -

1800-180-5432

1800-180-3316

<u>जनसूचना अधिकारी-</u>

श्री एस.बी. अग्रहरी

दूरभाष - +91-8477008051

नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा हेतु सड़कों पर पथ प्रकाश की व्यवस्था की है, जिसे ससमय जलाने व बंद करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है, आप से अनुरोध है की नगर निगम अंतर्गत यदि कोई भी स्ट्रीट लाईट जलती हुई पायी जाए तो तत्काल नगर निगम कार्यालय को निम्न दूरभाष संख्या पर सूचित करें-

1- श्री एस.बी. अग्रहरी (प्रभारी पथ प्रकाश) दूरभाष- +91-8477008051

2- श्री संत कुमार (स्टोर कीपर) दूरभाष- +91-8477008089

3- श्री विनोद कुमार दूरभाष- +91-8477008069

सहारनपुर नगर निगम, सहारनपुर - 247001, (उ०प्र०), दूरभाष-0132-2614720, फैक्स-0132-2614730
वेब साइट- www.saharanpurnagarnigam.in, ई-मेल- nagarnigamsaharanpur@gmail.com,
फेसबुक-www.facebook.com/saharanpurnagarnigam